तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 30 सितंबर 2025

12 भाजपा की कार्यशाला में आत्मनिर्भर भारत...



12 सेवा पखवाड़े में मर्रामपानी में पौधे रोपे व स्वच्छता ...



[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

## वारदात : खेत में काम करने वाले ग्रामीण गोलियों की आवाज सुनकर भागे घर

# तिरियारपानी जंगल का 3 किमी क्षेत्र गोलियों की आवाज से तीन घंटे तक गूंजा, ग्रामीणों में दहशत


हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- ग्रामीणों का कहा- जंगलों में ऐसा माहौल पहली बार देखने को मिला

तिरियारपानी के जंगल में 28 सितंबर को हुई मुठभेड़ में पुलिस को जरूर सफलता मिली, परंतु गांव के लोगों को सुबह 7 बजे सक चल रही गोलियों के बारे में नहीं पता चल पा रहा था कि जंगल में क्या हो रहा है। खेतों में काम करने वाले किसान डर के चलते भागकर गांव में अपने घरों में दुबक गए। ग्रामीणों की मानें तो तीन घंटे तक कम से कम तीन किमी. तक गोलियों की आवाज सुनाई दिया। दिवाली में जैसे पटाखे फोड़ते है, वैसी ही आवाज तिरियारपानी के जंगलों से आ रही थी। मुठभेड़ के बाद हरिभूमि की टीम 29 सितंबर की सुबह ग्राउंड जीरों पर पहुँची। सरोना निवासी हरिभूमि के सदस्य सूरज मंडावी 29 सितंबर को जब बांसपत्तर, छिंदखड़क और तिरियारपानी हकीकत को जानने के लिए पहुँचे तो गांव वालों का कहना था कि ऐसा दृश्य हम लोगों ने पहले कभी नहीं देखा था। तीन घंटे तक लगातार गोलियों की आवाज सुनाई दी। घने जंगलों में चलने वाली गोलियों की आवाज से ऐसा लग रहा था कि गांव के पास ही मुठभेड़ हो रही है। हरिभूमि के सदस्य ने जब गांव वालों से मुठभेड़ स्थल बताने के लिए कहा, तो दहशत के चलते एक भी ग्रामीण साथ में जाने को तैयार नहीं हुआ। उसके बाद हरिभूमि के सदस्य अकेले ही उस स्थल पर पहुँचे, जहाँ पर पुलिस टीम ने अपना डेरा बनाया था। उसके बाद आगे जब बढ़े तो कई पेड़ो में गोली के निशान नजर आ रहे थे।







### कई जगह खून के दिखे निशान

ग्राउंड जीरों पर कई जगह खून के निशान यह बता रहे थे कि इस स्थल पर ही मुठभेड़ हुई है। गिली मिट्टी में पैरों के निशान यह बता रहे थे कि जवानों ने मोर्चा लेते समय नक्सलियों का पीछा भी तेजी से किया और उसी का परिणाम रहा कि तीन नक्सलियों को मार गिराने में पुलिस को सफलता मिली। यह पुलिस के लिए बड़ी सफलता रही, क्योकि इस ईलाके में पुलिस कई बार आई, परंतु पुलिस के हाथ सदैव खाली ही रहे।

एक नहीं सैकड़ो पेड़ थे, जहाँ पर गोली के निशान ही नजर आ रहे थे। इन निशानों को देखकर लगा कि मुठभेड़ बहुत तगड़ी रही होगी। घनघोर जंगल में एक भी ग्रामीण नजर नहीं आया, दिन में भी डर का माहौल नजर आ रहा था।

### कई गोलियां पेड़ से आर-पार हुईं

इनकाउंटर के दौरान चली गोली के सबूत 29 सितंबर की सुबह भी देखने को मिले। गोलियाँ कई पेड़ को आरपार करके निकल गई। ग्रामीणों की मानें तो जवान पहाड़ में तीन दिशा से चढ़े और तीन दिशा से पहाड़ चढ़ने वाले जवानों को एक एक कमांडर लीड कर रहा था। कई जवानों कंधो पर बीएसएफ लिखी हुई पट्टी भी थी। यानी फोर्स में डीआरजी के अलावा बीएसएफ के जवान भी शामिल थे।



### गोलियों की आवाज सुन किसान भागे गांव, घरों में दुबके

इनकाउंटर जिस पहाड़ पर हुआ था, उससे लगभग एक किमी. की दूरी पर छिंदखड़क गांव के किसान खेत में थे। अचानक सुबह 7 बजे गोलियों की आवाज सुनी, पहले उनको समझ में नहीं आया, जब सीरियल पटाखे जिस तरह से फूटते है, उस तरह से जब लगातार गोलियों की आवाज आई, तब डरकर किसान गांव भाग आएं और अपने घरों में दुबक गए। उन्होने बताया कि हम लोगों को पहले कुछ समझ में ही नहीं आया कि क्या हो रहा है, बाद में लगा कि यह तो इनकाउंटर हो रहा है। फोर्स जब कंधे पर लादकर शव को ले जा रहे थे, तब स्पष्ट हुआ कि यह तो मुठभेड़ थी।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत शहरी स्वास्थ्य केंद्र श्रीराम नगर में महिला स्वास्थ्य सम्मेलन का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरसी ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर, टीकाकरण सत्र, पोषण संवाद और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की और टीकाकरण किया। वहीं गर्भवती महिलाओं को पोषण संबंधी परामर्श, आयरन और कैल्शियम की दवा दी गई।

आयोजित शिविर में किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता, सेनेटरी नैपकिन के प्रयोग और संक्रमण से बचाव के उपायों पर प्रशिक्षण दिया गया। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य शहरी महिलाओं एवं आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। शिविर में लगभग 71 महिलाओं,16 पुरुषों और 5 बच्चों सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए। वही संस्था प्रभारी डॉ राहुल कुंजाम ने विश्व हृदय दिवस पर बताया कि हृदय रोग के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पीड़ति लोगों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है एवं मरीज अपने रेगुलर चेकअप के लिए भी अस्पताल नहीं आ पा रहे ▸▸| शेष पेज 10 पर



## दुर्गूकोंदल में सोलर स्ट्रीट लाइट लागने स्वीकृति की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल में ऊर्जा सुविधा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोलर पावर प्लांट के माध्यम से स्ट्रीट लाइट स्थापना का प्रस्ताव माईंस प्रबंधन के समक्ष रखा गया। यह मांग ग्राम पंचायत की ओर से बजरंग आयरन ओर माइंस हाहालददी को ज्ञापन सौंपकर की गई। दुर्गुकोंदल सरपंच शकुंतला नरेटी ने बताया कि पंचायत की कुल जनसंख्या लगभग 3236 है और लंबे समय से ग्रामीणों की मांग रही है कि रात्रिकालीन आवागमन सुरक्षित हो तथा अंधेरे में दुर्घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगे। इसी को ध्यान में रखते हुए स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। प्रस्ताव के अनुसार दुर्गुकोंदल में 100 सोलर स्ट्रीट लाइट, पलाचूर में 50 सोलर स्ट्रीट लाइट, हाहालददी में 50 सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापित किए जाने का प्रस्ताव किया गया है। सभी ने कहा कि यह कार्य गांव की सुरक्षा और सुविधा के लिए अत्यंत आवश्यक है। माइंस प्रबंधन की ओर से आश्वासन दिया गया कि इस प्रस्ताव को प्राथमिकता से लिया जाएगा और शीघ्र ही स्थापना कार्य की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इस घोषणा से ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई ▸▸| शेष पेज 10 पर

## मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन व दशहरे के लिए हुई बैठक में ला एंड आर्डर पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- शांति समिति की बैठक में पर्वों को गरिमापूर्ण मनाने का किया आवाहन
- रावण पुतला दहन शाउमावि नरहरदेव मैदान और मेलाभाठा में किया जाएगा



नवरात्रि पर्व उपरांत मॉ दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन तथा दशहरा पर्व के सफल आयोजन को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया, जिसमें कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भी अपने सुझाव देते हुए नगर की ऐतिहासिक गरिमा के अनुरूप मूर्ति विसर्जन और दशहरा उत्सव आयोजित करने के संबंध में चर्चा की। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में मूर्ति विसर्जन के स्थल चयन एवं रूट चार्ट की जानकारी दी गई। अपर कलेक्टर ने सभी आयोजन समिति के पदाधिकारियों की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा और साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग उच्चतम न्यायालय और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार किए जाने के बारे जानकारी दी। बैठक में एडिशनल एसपी दिनेश कुमार सिन्हा ने बताया कि शहर में इस दौरान पुलिस के उच्चाधिकारियों की तैनाती चिन्हांकित चौक-चौराहों पर की जाएगी तथा छोटे-बड़े वाहनों के आवागमन के लिए रूट चार्ट एवं वाहन पार्किंग का निर्धारण प्रशासन एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इसके अलावा मूर्ति विसर्जन के दौरान विद्युत विभाग, परिवहन, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों के परस्पर सहयोग से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। शहर के विभिन्न मार्गों में बारिश के दौरान बन चुके गड्ढों की फिलिंग कराने कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया। एसडीएम अरूण वर्मा ने डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने के लिए दुर्गोत्सव समितियों ▸▸| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर**। थाना कांकेर अंतर्गत 19 वर्षीय प्रियंका निषाद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। चारामा थानांतर्गत कण्डेल निवासी संतोष निषाद ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 28 सितंबर को फांसी लगाकर आत्मत्या कर लिया। मृतिका खपरापारा भीरावाही में किराये के मकान में रहती थी व कांकेर में कॉलेज कर रही थी। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगा युवती ने आत्महत्या की

**कांकेर**। बांदे थानांतर्गत 20 वर्षीय बिदिया सरकार ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पीव्ही 82 विजय नगर निवासी निरंजन सरकार ने पुलिस को बताया कि 27 सितंबर को मृतिका ने आम पेड़ में काला रंग के दुपट्टा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका ने आत्महत्या क्यो किया यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## आरएसएस भानबेड़ा ने किया पथ संचलन

**भानुप्रतापपुर**। भानुप्रतापपुर खंड के भानबेड़ा मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष में विजयादशमी उत्सव के अवसर पर पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री राजेश भार्गव ने कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिन्दुओं को संगठित करने वाला संगठन है लोगो के अंदर देश भक्ति भाव भरने का काम संघ की शाखा के माध्यम से करता है। आज देश में तीन तरह के लोग है पहला ओ लोग जो दूर रहकर देखते रहते है, दूसरा वह लोग जो संघ में आकर देश कार्य में सहभाग होते है और तीसरा वे लोग जो देश को आगे बढ़ने नहीं देते। इस अवसर पर दुर्योधन नुरूटी, कोमल सिंह ठाकुर, गोकुल साहू तथा भानबेड़ा मंडल के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



## स्वच्छता पखवाड़े पर बैंक ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कांकेर**। भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के तहत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कांकेर क्षेत्र द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान स्वच्छता ही सेवा एवं एक दिन, एक साथ, एक घंटा की थीम पर आधारित रहा। अभियान का नेतृत्व क्षेत्रीय प्रबंधक संजय प्रसाद ने किया। अभियान के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर संजय प्रसाद ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी पहल का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन की आदत बननी चाहिए। यह अभियान न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने का प्रयास है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश देने का भी माध्यम है। उनके ▸▸| शेष पेज 10 पर



## 30 को संधि पूजा संध्या 5.42 से शाम 6.30 बजे तक लाभकारी

# श्रीदुर्गाष्टिमी पर कई दुर्लभ शुभ संयोग, निशापूजा व हवन आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- देवी मंदिर और पंडालों में हवन की भव्य तैयारी की जा रही

नवरात्रि का आठवां दिन यानी दुर्गा अष्टमी इस साल 30 सितंबर को बहुत ही शुभ संयोगों के साथ मनाया जाएगा। ज्योतिषियों की मानें तो इस बार अष्टमी तिथि पर कई ऐसे शुभ योग बन रहे हैं, जो सालों में केवल कभी-कभार ही बनते हैं। इस दिन मां दुर्गा की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की वृद्धि होती है।

शारदीय नवरात्रि का आठवां दिन यानी महा अष्टमी मां दुर्गा की उपासना के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन मां के महागौरी स्वरूप की पूजा की जाती है। इस बार, यह शुभ तिथि वर्षों बाद एक महा-शुभ संयोग लेकर आ रही है, जो भक्तों के लिए सुख और सौभाग्य के द्वार खोल देगा। ज्योतिषियों के अनुसार, इस वर्ष महाअष्टमी पर शुभ और शोभन योग के साथ कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। इस समय की गई पूजा और उपासना से साधक को अपने मनोकामनाओं की पूर्ति और जीवन में विशेष लाभ प्राप्त होने के संकेत मिलते हैं। महाअष्टमी की निशा पूजा जनमानस के लिए बहुत फलदायी मानी जाती है। नवरात्रि के इस वर्ष में विशेष संयोग यह है कि दुर्गा अष्टमी तिथि का प्रभाव अर्धरात्रि तक रहेगा। इसी दिन भक्तों और उपासकों द्वारा अपने आराध्य मां दुर्गा की निशापूजा और रात्रि जागरण किया जाएगा। ऐसी मान्यता है कि इस समय की गई आराधना और उपासना भक्त की मनोकामनाओं की पूर्ति करती है और साधकों को उनके क्षेत्र व जीवन में विशेष सिद्धि का लाभ मिलता है। भक्तगण आज महाअष्टमी पर सुबह से ही पवित्र स्नान के बाद पूजा-अर्चना में जुट गए हैं। आज के दिन विशेष तौर पर कन्या पूजन किया जाता है, जिसमें 9 कन्याओं और एक बालक को देवी स्वरूप मानकर भोजन ▸▸| शेष पेज 10 पर




### महाअष्टमी शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के अनुसार, 29 सितंबर को शाम 04 बजकर 32 मिनट पर आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि की शुरुआत होगी, वहीं अष्टमी तिथि का समापन 30 सितंबर को शाम 06 बजकर 06 मिनट पर होगा। महा अष्टमी का व्रत 30 सितंबर को रखा जाएगा। 30 सितंबर को संधि पूजा संध्याकाल में 05 बजकर 42 मिनट से लेकर शाम 06 बजकर 30 मिनट तक है।

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यथी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113



## खबर संक्षेप




### माता जगराता का श्रद्धालुओं ने लिया भरपूर आनंद

**कांकेर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र में कालिका महोत्सव देवभूमि राजापारा में बड़ी ही धूमधाम से मनाया जा रहा, जिसमें प्रतिदिन विविध प्रतियोगिता और भक्तिमय आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र के छठवें दिन माता जगराता एवं माता भजन का आयोजन किया गया, जिसमें भारत प्यारा जगराता ग्रुप ने माता की नौ रूपो अनुपम घटा पेश की और पूरा माहौल भक्ति मय हो गया, जिसमें विशेष आकर्षण का केंद्र में महाकाल की प्रस्तुति रही एवं महाकाल के विक्राल रूप के साथ महाकाल विवाह हुआ, जिसमें सभी भक्तों झूमने लगे। सभी माता भक्ति में मंत्रमुग्ध होकर अपने ही स्थान में घूमने नाचने लगे। जगराता में कांकेर शहर सहित दूर दराज से भक्तजनों उपस्थित हुए, जिसमें महिलाओं की सबसे ज्यादा तादाद में रही।

### विकास समिति आराडगढ़ी के खिलाफ कलेक्टर को ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** आदिवासी किसान एवं विकास समिति आराडगढ़ी के पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामवासियों का कहना है कि 18 अगस्त 2025 को ग्राम थैयाबहार (क) में समिति द्वारा बिना अनुमति आदिवासी शिक्षण एवं विकास से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया था। इस दौरान ग्रामीणों को गुमराह करते हुए गलत प्रचार-प्रसार किया गया तथा उनके धार्मिक और सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुँचाई गई। ज्ञापनकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि समिति के पदाधिकारी मनमानी करते हुए ग्रामीणों को धमकाने और उकसाने का काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस संबंध में आज तक किसी भी स्तर पर उचित कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे क्षेत्र में शांति भंग होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि आदिवासी किसान एवं विकास समिति के अध्यक्ष और पदाधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर समर्थन दिया है।

### पीएमश्री विद्यालयों में चल साक्षात्कार 17 को

**कांकेर।** समग्र शिक्षा कांकेर द्वारा जिले में संचालित 06 पीएमश्री विद्यालयों में अंशकालीन योग शिक्षक, खेल प्रशिक्षक तथा 15 पीएमश्री विद्यालयों में म्यूजिक इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति के लिए चल-साक्षात्कार 17 अक्टूबर को शहीद रामकुमार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में सुबह नौ बजे से लिया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार इन पदों पर नियुक्ति 03 माह की अवधि के लिए प्रतिमाह 10 हजार रुपये मानदेय पर की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र भरकर साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिले की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### आमागढ़ में प्रो कबड्डी व डीजे डांस आज से

**दुर्गुकोदल।** दुर्गुकोंदल ब्लाक अन्तर्गत ग्राम आमागढ़ में तीन दिनी प्रो कबड्डी का आयोजन युवा शक्ति संगठन एवं समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से प्रारंभ होगी। ग्राम के सभी युवा तैयारियां में जुटे हुए हैं ग्रामीण गिरिश मांझी, मनीष नरेटी, पारेश नरेटी, चंद्रशेखर टांडिया, अखिलेश उयके, डोमेश विश्वकर्मा ने बताया है कि प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी प्रो कबड्डी का आयोजन हमारे ग्राम में किया जा रहा है, जिसमें दुर से आने वाले खिलाड़ीयों के लिए समिति द्वारा खाना कि भी व्यवस्था रखा गया है। दशहरा पर्व के अवसर पर 2 अक्टूबर को डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

# मानस प्रतियोगिता में विधायक नेताम ने किया टिन शेड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

त्रिदिवसीय सस्वर मानस प्रतियोगिता ग्राम धनेलीकन्हार में आयोजित हो रही है। इस कार्यक्रम के अंतिम दिन विधायक आशाराम नेताम शामिल हुए। विधायक ने कार्यक्रम 9 लाख 90 हजार रुपए के लागत से निर्माण होने वाली टीन शेड का घोषणा कर भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि माता रानी के आशिर्वाद से आज ज़हां भी धार्मिक आयोजन हो रहे हैं वहां पर शांति तथा वहां के लोग संगठित है। ग्राम में इस तरह के आयोजन के लम्बे समय से तैयारी चल रही है। आज का युवा, नशापान के ग्रीफ्त में जा रहा और इस नशा पान का परिणाम ये हो रहा है की सड़क दुघर्टनाएं हो रही है, जिसमें अधिकांश युवा होते हैं। कार्यक्रम में युवा वर्ग नंही दिख रहे हैं स्वाभाविक है की आज युवा मोबाइल में फ्री फायर जैसे गेम में आपने आप डुबे हुए। हमें अपने बच्चों के उपर ध्यान देने की जरुरत है तथा ऐसे आयोजन मैं युवा वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करनी तभी आने वाला भविष्य व सुरक्षित होगा। कार्यक्रम में ज़िला पंचायत के उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर धनेलीकन्हार मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू, जनपद सदस्य पंचुराम नायक, पुर्व महामंत्री लोकेश्वर सेन, तालाकुर्रा सरपंच विनोद रावटे, ग्राम पटेल समधर नरेटी, तुलेश सेन, महेंद्र जैन, रमेश साहू, वेद कुमार औरसा, सरपंच मधु विजय मंडावी उपस्थित रहे।

**नशापान जीवन के लिए घातक**



## आंदोलन : वृद्धि दर को वापस लेने की मांग पर की नारेबाजी

# बिजली दरों में वृद्धि पर युकां ने किया प्रदर्शन व बिल फूंके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार बढ़े हुए बिजली दरों के विरोध में प्रदेशव्यापी चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत विधानसभा अंतागढ़ के पखांजूर में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने ज़ोरदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का प्रथम चरण, जिसे बिजली बिल जलाओ आंदोलन नाम दिया गया है। ब्लॉक कांग्रेस युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने पखांजूर के पुराना बाजार चौक से रैली निकाली। कार्यकर्ता बिजली चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे लगाते हुए पखांजूर बिजली ऑफिस पहुँचे। उन्होंने जमकर नारेबाज़ी की और बढ़े हुए बिजली बिलों के विरोध में बिजली बिल जलाकर अपना रोष व्यक्त किया। यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी अमित सिंह पठानिया और सहप्रभारी डॉ. मोनिका मांडरे, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा तथा जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष शोएब अहमद के निर्देशानुसार किया गया था। इस बिजली बिल जलाओ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए, जिसमें ब्लॉक इंद्रजीत विश्वास, रूप सिंह पोटाई, सुप्रकाश मलिक, अमर मंडल, भुवन बढ़ई सिद्धार्थ बढ़ाई, ईश्वर कड़ियम, अनिवास राय, निहार सरकार, प्रदीप बाइन, नेपाल राय, अशोक लकड़ा, विकाश मंडल, दिलीप बिस्वास, श्यामल बिस्वास, किशोर सिकदर, दीपांकर सरकार, सचिन मलिक, विक्रम मलिक, शुभाशीष शाना, रबिन बिस्वास, राजेश नुरूटी, विनोद कुमेटी, संजय सलाम, नीलेश कोरचा, नीलकंठ कलको, रमन सरकार, विशाल शील, नीरज पाइक, रानोधीर घरामी, नीलेश कोरछा, मानकर पददा, दलवीर मिच, धनीराम दुग्गा, पप्पू बिस्वास, मिलन मंडल, स्वरूप मंडल, तुषार वैध, प्रताप मंडल, दख़्खो बिस्वास, संजय हालदार, तापस राय, बलाई कीर्तनिया, प्रदीप दास, प्रदीप सरकार, चंदू बिस्वास, सदई राय, सुजय बिस्वास, महेश थापा, संजय मंडल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### युकां ने की नारे बाजी एवं बिजली बिलों को जलाकर किया प्रदर्शन



**कांकेर।** जिला युवा कांग्रेस के द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ महंगी बिजली, दुगुनी बिजली बिल के विरोध में बिजली ऑफिस के सामने बिजली बिल जलाकर विरोध प्रदर्शन कर विष्णु देव सरकार मुर्दाबाद का नारा लगाया गया एवं बढ़ती बिजली के दामों को कम करने की मांग की गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी अमित पठानिया, छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला युवा कांग्रेस के प्रभारी कटारिया के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव राजू दुबे, नौशाद खान की उपस्थिति में विरोध प्रदर्शन किया गया। यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव राजू दुबे ने कहा कि जब से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है तब से आम जनता परेशान है। बिजली बिल लगातार कई बार वृद्धि हुई है। कांग्रेस के सरकार में हाफ बिजली की योजना को बंद किया गया है। अगर बिजली बिल की बढ़ती दर को कम नहीं किया गया तो युवा कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में शोएब अहमद, सत्यार्थ करायट, जिला महासचिव सुरेश नाग, आदर्श गुप्ता, तोहिद खान विधानसभा अध्यक्ष खोमेंद्र उइके, शेष गजभिए, शिवांकित श्रीवास्तव, मृदुला भास्कर, पार्षद अजय रेणु, दीपक सोरी, बबलू देवांगन, यासीन करानी, विजय यादव, उदय प्रकाश शर्मा, मुकेश तिवारी, सरजू सोरी, टुकु साहू, सोमेश सोनी, लतीफ मेमन, सूरज सोनकर, संग्राम नेताम, राजा ठाकुर, किशन साहू, नरसिंह तेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुर्गूकोंदल लैंपस की वार्षिक सभा में 2025-26 का बजट अनुमोदित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

आदिम जाति सहकारी समिति लैम्प्स दुर्गुकोंदल में वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। वार्षिक आमसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट प्रस्तुत कर सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। सभा में प्राधिकृत अधिकारी एवं लैम्प्स अध्यक्ष जोहन गावडे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। सभा में वर्षभर की आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया और आगामी वर्ष के लिए किसानों के हित में नई योजनाओं और क्रियान्वयन रणनीतियों पर चर्चा हुई। किसानों को खाद-बीज वितरण, ऋण सुविधा, समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी और सहकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सभा में उपस्थित किसानों ने समिति की गतिविधियों पर अपने सुझाव दिए और मांग की कि समय पर खाद-बीज की उपलब्धता और उपज खरीदी की प्रक्रिया को और सुगम बनाया जाए। प्राधिकृत अधिकारी ने सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें आगामी कार्ययोजना में शामिल करने का आश्वासन दिया। लैम्प्स समिति की इस वार्षिक आमसभा में दुर्गुकोंदल अंतर्गत आश्रित ग्रामों के बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्गुकोंदल की ब्रांच मैनेजर शाहीन खान, भूतपूर्व उपाध्यक्ष छबिलाल जैन, समिति प्रबंधक रवि कुमार वर्मा, भूतपूर्व समिति प्रबंधक बीबी गोस्वामी तथा समिति के कर्मचारी जितेंद्र कुमार साहू, जागेश्वर कुमार साहू, देवेंद्र राणा, संदीप कोरचे, हेमंत कुमार साहू, कंचन टोप्पो, शशि जाड़े, संजय कावडे उपस्थित रहे।

**स्वदेशी मेला का वॉकथॉन आज : जगदलपुर।** स्वदेशी जागरण मंच का स्वदेशी मेला 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक लाल बाग मैदान में किया जाना है। इस हेतु एक वॉकथॉन 30 सितम्बर को प्रातः 7 बजे रखी गई है। इसका शुभारम्भ दंतेश्वरी मंदिर से प्रारम्भ होकर संजय मार्केट चौक, बस्तर हाई स्कूल चौक, सिरहासार से होते हुये वापस दंतेश्वरी मंदिर में समापन होना है।

## ट्रक की टक्कर से ट्यूशन छात्रा घायल, मामला दर्ज



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत कांकेर के झुनियापारा में टयूशन क्लास से वापस आते समय ट्रक की टक्कर से छात्र व उसका पिता घायल हो गया। घायलो को जिला अस्पताल ले जाया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे कंकालीनपारा कांकेर निवासी 51 वर्षीय राजेश सोनकर पिता स्व. चिरौजी लाल सोनकर ने 29 सितंबर को पुलिस को बताया कि 12 सितंबर को मेरे बच्चे चहेक सोनकर उम्र 11 वर्ष, आयुश सोनकर उम्र 13 वर्ष जो टयूशन पढ़ने के लिए झुनियापारा कांकेर गए थे। ट्यूशन से लेने जाकर उन्हे टयूशन से वापस अपने मोटर सायकल में बैठाकर तीनो वापस घर आ रहे थे। शाम लगभग 7 बजे आईसीआईसीआई बैंक के पास मेन रोड में पहुंचा था कि उसी समय ट्रक क्रमांक सीजी 08 एई 9729 का चालक अपने वाहन को तेज, लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाकर मेरे मोटर साकयल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर कुछ दुरी तक घसीटते हुए ले गया और मेरा वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। एक्सीडेंट से मुझे बाए पैर, बेटी चहक सोनकर के बाए पैर में चोट आया था, जिसका जिला अस्पताल कांकेर में इलाज कराए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 08 एई 9729 के चालक के खिलाफ के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## तीन दिनी मानसगान सम्मेलन किया गया

**चारामा।** चारामा ब्लॉक के ग्राम पदमपुर में शर्दीय नवरात्री के पावन पर्व पर माता शीतला के प्रागण में माँ दुर्गा का प्रतिमा समस्त ग्रामवासी द्वारा स्थापित किया गया, जिसमें तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन 26 से 28 सितम्बर तक आयोजित किया गया था। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के अलावा उड़ीसा के ख्याति मानस मंडली अपना ज्ञान रूपी गंगा प्रावित किया। तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन के समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी, परसादी नरेटी जनपद सदस्य, नरेन्द्र यादव पूर्व गौ सेवा आयोग सदस्य, किशोर नेताम, हरवेंद्र साहू, महेंद्र नायक, अनमोल मंडावी, राज कुमार राठी, कनस राम बघेल, राम कोमरा, इंद्रा कुमार, सदा सिंह कुंजम, रामनाथ गावड़े एवं आयोजन समिति के सदस्य अनेश केमरो, रवि शंकर दरपेटी, मुन्नाराम केमरो, जीटीआर गावर, कृष्णा कुमार, थानेश साहू, हरवंश ओट्टी, रामेश्वर कोमरा, भोज दुग्गा, बिरझु राम कोमरा, खेम लाल सलाम, सग्राम कोमरा, नकुल सलाम एवं समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

## तुमापाल में फोर्स ने किया निशुल्क पशु उपचार एवं परामर्श शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



28 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुमापाल में वाहिनी कमांडेंट अरुण देवगम के नेतृत्व एवं उप कमांडेंट पशुचिकित्सा डॉ. पंकज कुमार तेवतिया तथा पशु चिकित्सक डॉ. रेनुका भगत की देखरेख में निःशुल्क पशु उपचार एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पतकाल बेड़ा, तुमापाल एवं ताड़ोकी के ग्रामीण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। कुल 41 पशुपालक ग्रामीणों के 727 पशुओं का उपचार किया गया तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई गईं। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए सशस्त्र सीमा बल के इस प्रयास को जनकल्याण एवं पशु-संरक्षण के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान वाहिनी कमांडेंट अरुण देवगम द्वारा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉ. रेनुका भगत को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके सतत समर्पण एवं सराहनीय कार्यों की अभिव्यक्ति है। कमांडेंट अरुण देवगम ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल केवल सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हम कार्यक्षेत्र के गाँवों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए भी संकल्पबद्ध हैं। पशुधन ग्रामीण जीवन का आधार है और इनके स्वास्थ्य के बिना गाँव की समृद्धि अधूरी है। इस प्रकार के पशु-उपचार शिविरों के माध्यम से हम ग्रामीणों की कठिनाइयों को दूर कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी यह पहल तभी सार्थक होगी जब ग्रामीणजन अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ उठाएँ और अपने पशुओं को स्वस्थ एवं उत्पादक बनाएँ। सशस्त्र सीमा बल भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम लगातार आयोजित करता रहेगा।

# युवक कांग्रेस ने बिजली बिल जला कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सहप्रभारी डॉ मोनिका, प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार बस्तर जिला युवा कांग्रेस शहर जिला के नेतृत्व में बढ़े हुए बिजली दरों के विरोध में पॉवर हाउस चौंक से पैदल मार्च कर विद्युत विभाग के समक्ष बिजली बिल दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध में विरोध प्रदर्शन किया।

बिसाई ने कहा प्रदेश में बढ़ी मंहगी बिजली दर बढ़ाना भाजपा सरकार की मुनाफाखोरी का प्रमाण है,भाजपा सरकार की मुनाफाखोरी नीति के कारण प्रदेश की जनता मंहगी बिजली का दंश झेल रही है कुल मिलाकर भाजपा सरकार की प्रायोजित लुट है जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, जनपद सदस्य सूरज कश्यप, पार्षद गौतम पाणिग्रही, रविशंकर तिवारी, बालेश दुबे, विक्रांत सिंह बिंकु, शेख सद्दाम रज़ा, मनोहर सेठिया,ज्योति राव, साइमा अशरफ, लव मिश्रा, तरनजीत सिंह रंधावा, लोकेश नंदा, एस नीला, बी ललिता राव, कमला भतरा, उमा, सुनीता दास, सलीम अली, उस्मान रज़ा, राजा मौर्य माज लीला समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

**पीड़ित परिवारों को 8 लाख की सहायता** : जगदलपुर। कलेक्टर हरिस एस. द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित दो परिवारों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील करपावण्ड ग्राम कोलावल निवासी कुमारी खिरमनी की मृत्यु पानी में डूबने से हो गई थी। मृतक पिता सुदर्शन और ग्राम गारेंगा निवासी सावित्री नागे की मृत्यु सर्पदंश से माता नीरा नागे प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### बस्तर के दो युवा का नेशनल लॉन टेनिस स्पर्धा में चयन




**जगदलपुर।** दुर्ग में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बस्तर जैसे सुदूर प्रदेश से दो युवा टेनिस खिलाडियों का नेशनल लॉन टेनिस स्पर्धा जैसी प्रभावी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा नवमी के छात्र आदित्य विश्वकर्मा (15 वर्ष) एवं स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा छठवी के छात्र वंशदीप सिंह (12 वर्ष) क्रमशः अंडर 17 एवं अंडर 12 वर्ग में नेशनल स्पर्धा के लिए चयनित हुए है,आदित्य विश्वकर्मा ने अंडर 17 में लगातार 3 जीत के साथ फाइनल में पहुचे जहाँ राज्यस्तरीय स्पर्धा में द्वितीय स्थान हासिल हुआ और उनका चयन राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु हुआ, वही वंशदीप सिंह ने लगातार 3 जीत और एक हार के साथ राष्ट्रीय स्पर्धा में जगह बनायीं है। कोच कुणाल चालीसगाँवकर ने बताया कि शालेय राज्यस्तरीय स्पर्धा में संभाग से चयनित बालको का 100 प्रतिशत प्रतिशत रिजल्ट आया है।

## पेज 09 के शेष...

### स्वस्थ नारी, सशक्त...

थे। 30 वर्ष से ज्यादा उम्र के युवाओं में भी इनएक्टिव लाइफस्टाइल और खाने की खराब आदतों के कारण दिल की बीमारी होने का खतरा बढ़ रहा है। अधिकांश रोगियों में 30-50 साल आयु वर्ग के पुरुष और महिलाएं हैं। ऐसे लोगों के पास अपने शरीर और मन को स्वस्थ और शांत रखने के लिए समय ही नहीं है, जिस वजह से लोगों में कई तरह की बीमारियां देखने को मिल रही है। संस्था प्रभारी डॉ राहुल कुंजाम एवं डॉ सृष्टि ठाकुर, किरण देवदास, मितानिनों कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य टीम मौजूद रही। इस दौरान लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक परामर्श दिया गया।

### दुर्गूकोंदल में सोलर...

कि स्ट्रीट लाइट लगने से न केवल रात्रिकालीन आवाजाही सुगम होगी, बल्कि गांव की सुंदरता भी बढ़ेगी और स्वच्छता एवं सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपसरपंच तामेश्वरी जैन, वार्ड पंच पीके दुर्गे, करिश्मा दुग्गा, उत्तरा वारे, सावित्री बघेल, मंजू दुग्गा, सरोज दुग्गा एवं अन्य पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

### मां दुर्गा प्रतिमा...

को निर्धारित प्रारूप में अनुमति लेने की बात कही तथा नियमों का पालन करने पर जोर दिया। रावण पुतला दहन शहर के शाउमावि नरहरदेव के मैदान और मेलाभाठा में किया जाएगा। पुतला दहन निर्धारित समयानुसार सम्पन्न कराने की समझाइश आयोजकों को दी गई। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा की गई। बैठक में नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष अरूण कौशिक तथा अपर कलेक्टर, विभिन्न आयोजन समिति के पदाधिकारी तथा पार्षदगण उपस्थित रहे।

### स्वच्छता पखवाड़े पर...

मार्गदर्शन में नगर के बैंक शाखाओं और कार्यालयों के करीब 100 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कांकेर स्थित ऊपर-नीचे रोड तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में सुबह 7 से 9 बजे तक साफ-सफाई की। इस दौरान सड़क के किनारों पर झाड़ू लगाकर, कचरा उठाकर तथा गंदगी हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। इस अवसर में मुख्य प्रबंधक वैभव सिंह ठाकुर, मुख्य प्रबंधक शैलेश पाटील, कांकेर शाखा मुख्य प्रबंधक ऋषि कटियाल, कलेक्ट्रेट शाखा प्रबंधक अशोक कुमार ध्रुव, एसएमई शाखा प्रबंधक प्रियतोश सिंह, प्रबंधक मानव संसाधन भास्कर मनमोहन, आरएसीसी शाखा प्रबंधक अश्वनी कुमार, जीएमसी शाखा प्रबंधक अजय त्रिवेदी सहित बैंक के कर्मचारी, अधिकारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### श्रीदुर्गाष्टमी पर कई...

कराया जाता है और उपहार दिए जाते हैं। कई लोग महाअष्टमी के दिन व्रत रखते हैं और शाम को हवन के बाद अपना व्रत खोलते हैं। संधि पूजा का भी आज के दिन खास महत्व है, जो अष्टमी और नवमी के संधि काल में किया जाता है। धार्मिक मान्याओं के अनुसार अष्टमी और नवमी तिथि पर 2 से 9 वर्ष की कन्याओं में मां दुर्गा का स्वरूप होता है और जिसकी पूजा मां दुर्गा के रूप में करते हुए उनकी विदाई की जाती है।

## खबर संक्षेप

### झगेश्वर ने जूडो स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**लोहंडीगुड़ा।** पीएम सेजेस लोहंडीगुड़ा के कक्षा 12वीं के छात्र झगेश्वर सिन्हा ने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में दुर्ग में आयोजित स्कूल गेम्स जूडो टूनार्मेंट अंडर-19 वर्ग में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



झगेश्वर की इस उल्लेखनीय उपलब्धि के पीछे उनके मार्गदर्शक एवं खेल शिक्षक पीटीआई अभिजीत तिवारी का विशेष योगदान रहा। जिनके कुशल प्रशिक्षण और प्रेरणा से उन्होंने यह सफलता हासिल की।
विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं सहपाठियों ने झगेश्वर सिन्हा की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह जीत न केवल छात्र की मेहनत और लगन का परिणाम है बल्कि विद्यालय के लिए भी गौरवपूर्ण क्षण है।

### एक पेड़ मां के नाम पर शिशु मंदिर में पौधारोपण



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कन्या पूजन किया गया। सभी आचार्यों ने कन्याओं का चरण धोकर आशीर्वाद लिया। प्रातः सभी कन्याओं का पूजन किया गया और कन्याओं का चरण धुलाया गया। सभी आचार्यों ने तिलक अक्षत पुष्प चढ़कर कन्याओं का प्रणाम किया वहीं सभी कन्याओं ने सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। यह परंपरा कई वर्षो से विद्यालय में चली आ रही है। साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत वन परिक्षेत्र अधिकारी गीदम गयादीन वर्मा, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी के राजू के सहयोग से विद्यालय के भैया बहनों ने आम, अमरूद, नीम, अशोक, इमली व अन्य वृक्षों का विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान वृक्षों की सुरक्षा हेतु वन परिक्षेत्र अधिकारी ने ट्री गाड की व्यवस्था करवाने की बात कही।

### बिजली दरों में वृद्धि का विरोध, कांग्रेस ने बिल फूंके



**तोकापाल।** युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया, सहप्रभारी डॉ. मोनिका मांडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला प्रभारी विक्रांत सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक डेविड के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रही बिजली दरों को लेकर आम जनता में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में आज तोकापाल बिजली ऑफिस के सामने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता हाथों में बिजली बिल लेकर पहुंचे और बढ़ती दरों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बिल की प्रतियां जलाकर अपना गुस्सा जाहिर किया। युवा कांग्रेस नेता मोहनीश ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बिजली की दरों में लगातार बढ़ोतरी करना आम जनता के साथ सीधा अन्याय है।

## नगर के विभिन्न पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाएं...



गीदम। शिवम दुर्गोत्सव समिति पीडब्लूडी पारा में स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति



जनकल्याण दुर्गोत्सव समिति हारम में स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति



नवयुवक दुर्गोत्सव समिति नया नाकापारा में स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति



सार्वजनिक नवयुवक दुर्गोत्सव समिति पुराना नाकापारा में स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति

## शारदीय नवरात्रि पर बहि बावड़ी माता मंदिर में कलश स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

गीदम ब्लॉक घोटपाल ग्राम पंचायत के जय माय बहि बावड़ी माता मंदिर (गुड़ी) घोटपाल कलार पारा में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि पर्व पर कलश स्थापना ज्योति प्रज्वलित किया गया। बहि बावड़ी माता मंदिर के पुजारी नीलाधर सिन्हा ने मंदिर का इतिहास बताया। उन्होंने कहा कि पांच पीढी पूर्व से आज समय तक कलार परिवार के द्वारा कुल देवी बहि बावड़ी माता को मानते आ रहे है। यहां प्रति वर्ष वार्षिक जात्रा का



भी आयोजन होता है। नवरात्रि में मनोकामना पूर्ण होने हेतु कलश स्थापना की जाती हैं।संगीता नेताम पूर्व जिला पंचायत सदस्य द्वारा मंदिर बनवाने के लिए जिला पंचायत विकास निधि से विशेष सहयोग किया गया था। मंदिर के सभी आयोजनों में पीला राम सिन्हा, मंदिर के सलाहकार सुकूलधर सेठिया, अमृता सिन्हा, मया राम सिन्हा, पंडरू सिन्हा, गुडु राम सिन्हा, राजेश सिन्हा, वीरेंद्र सिन्हा, अजनू सेठिया, रोशन सिन्हा, पार्वती सिन्हा, राज कुमारा सिन्हा, सूखीत सिन्हा, जीवन सेठिया एवं समस्त कलार समाज व ग्रामवासियों का योगदान रहता हैं।

## बीजापुर जिले में बथुकम्मा उत्सव की रही धूम



हरिभूमि न्यूज : भोपालपटनम

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ बथुकम्मा उत्सव ने सांस्कृतिक रंग बिखेरे। इस बार उत्सव को और खास बनाया बीजापुर के लोकप्रिय विधायक विक्रम मंडावी ने जिन्होंने अपने दो दिवसीय भोपालपटनम दौरे में 80 गाँवों के 250 से अधिक माँ बथुकम्मा पूजा स्थलों का दौरा किया। उन्होंने मां बथुकम्मा का आशीर्वाद लिया और समुदाय के साथ उत्सव की खुशियों में शरीक हुए।

तेलंगाना की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक माँ बथुकम्मा उत्सव अब बीजापुर की पहचान बन चुका है। इस उत्सव में महिलाएँ और युवतियाँ पारंपरिक परिधानों में सजकर गुनुगु, तंगेडु और चमंती जैसे रंग-बिरंगे जंगली फूलों से माँ बथुकम्मा की खूबसूरत रचनाएँ बनाती हैं। ये शंकु आकार की रचनाएँ प्रकृति और जीवन की देवी माँ बथुकम्मा को समर्पित होती हैं। गाँव की गलियों में लोकगीतों और तालियों की थाप के साथ सामूहिक नृत्य ने उत्सव को जीवंत किया। महिलाओं और युवतियों ने विधायक मंडावी का आरती उतारकर स्वागत किया, जिससे उत्सव की रौनक दोगुनी हो गई। विधायक ने अपने दौरे में हर गाँव में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने मां बथुकम्मा से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की और ग्रामीणों के साथ उत्सव की खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर विधायक विक्रम मंडावी ने कहा माँ बथुकम्मा उत्सव हमारी संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रतीक है। यह प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और समाज में महिलाओं की सशक्त भूमिका को दर्शाता है। बीजापुर में इस उत्सव का बढ़ता दायरा हमारी सांस्कृतिक एकता और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। मां बथुकम्मा उत्सव में हर वर्ग के लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। पुरुष, महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग सभी ने मिलकर इसे यादगार बनाया। फूलों से सजी बथुकम्मा को जलाशयों में विसर्जित करने की परंपरा प्रकृति के प्रति सम्मान और जीवन के चक्रीय स्वरूप को दर्शाती है। भोपालपटनम क्षेत्र में कई गाँवों में देर रात तक गीत और नृत्य का दौर चला। बीजापुर में मां बथुकम्मा का बढ़ता प्रभाव तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक मेलजोल का शानदार उदाहरण है। विधायक विक्रम मंडावी के सक्रिय योगदान ने इस उत्सव को और व्यापक बनाया है। यह उत्सव स्थानीय समुदायों को एकजुट करने के साथ-साथ क्षेत्र की सांस्कृतिक विविधता को भी समृद्ध कर रहा है।

### बस्तरिया राज मोर्चा के युवा सरपंच को मिला सबका साथ

# कोंटा ब्लॉक में सरपंच संघ का गठन, मूका बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

- 3 उपाध्यक्ष सचिव सहसचिव कोषाध्यक्ष नियुक्त

जनपद पंचायत कोंटा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायत के सरपंचों द्वारा आज अपना मुखिया चुन लिया गया है। ज्ञात हो कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के बाद सुकमा जिला के जनपद पंचायत कोंटा के अंतर्गत आने वाले 67 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने अपना निर्वाचन सुनिश्चित की थी।

सोमवार के जनपद पंचायत कोंटा के सभाकक्ष में ब्लॉक के तकरीबन चालिस पंचायतों के सरपंचों ने मिलकर सरपंच संघ का अध्यक्ष बस्तरिया राज मोर्चा के समर्पित युवा सरपंच मड़कम मूका ग्राम पंचायत कांकेरलंका को बनाया गया है। जनपद पंचायत कोंटा के सभाकक्ष में ब्लॉक के इन सरपंचों ने सर्व सहमति से अध्यक्ष चुनते हुए। संघ में 3 उपाध्यक्ष ऊईका शंकर ग्राम पंचायत गंगलेर तेलाम देवेंद्र ग्राम पंचायत लखापाल तथा माड़वी कोसा ग्राम पंचायत



शामसेट्टी को बनाया गया है। वहीं संगठन ने सचिव के तौर पर कुमारी सपना कोरसा ग्राम पंचायत मरईगुड़ा वन सह-सचिव माड़वी दिलीप ग्राम पंचायत पेंटापाड कोषाध्यक्ष सलवम राजा राव ग्राम पंचायत इंजरम को बनाया गया है । अपने संगठन की कार्यकारिणी घोषित करते हुए मौजूद सभी ग्राम पंचायत के सरपंचों ने पंचायतों की समस्याओं को पुरी ऊर्जा एवमं प्राथमिकता से उठाने और



संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया। ज्ञात हो कि विगत लम्बे समय से छग के इस अंतिम छोर पर बसे नक्सल प्रभावित ब्लॉक कोंटा को पटरी पर लाने केंद्र स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के अधिकारियों एवमं राजनेताओं के द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहें हैं। वहीं समय-समय पर ग्राम पंचायतों में हो रही भष्टाचार को लेकर भी यहां खूब राजनीति तथा कार्रवाई देखी जाती रही है।

### दो प्रमुख पार्टियों के नेता नदारद

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के संपन्न होने के छह माह बाद हुए सरपंच संघ के गठन में कोंटा ब्लॉक के तकरीबन दो दर्जन ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने किन्ही कारणों से अपनी उपस्थिती नही दे पाई । वहीं अनेक ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने इस निर्णय का समर्थन दूरभाष के माध्यम से दी । वहीं दुसरी ओर इस महत्वपूर्ण सरपंच संघ संगठन के कार्यकारिणी बनाते वक्त दो प्रमुख राजनीतिक पार्टी कांग्रेस भाजपा के प्रमुख नेता नदारद रहे । ज्ञात हो कि अनेक चुनौतियों के दौर से गुजर रहे कोंटा ब्लॉक के इन ग्राम पंचायतों में विकास को गति देने प्रमुख नेताओं का समर्थन भी आवश्यक होता है । उच्च स्तर के नेताओं तक स्थानीय स्तर के नेता ही क्षेत्र की वास्तविक राजनीति तथा समस्याओं को पहुंचाने में सहायक होते है । चाहे वह सरपंचों के मांगो की बात हो या पंचायतों की जमीनी बात अधिकारियों से पहले उच्च स्तर के नेताओं के पास स्थानीय नेता ही पहुंचाते हैं । इस अवसर पर प्रमुख तौर से सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष मड़कम कृष्णा एवमं बस्तरिया राज मोर्चा के ब्लॉक उपाध्यक्ष पेद्दी रवनाराव बस्तरिया राज युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष इरफान खांन सरपंच सलवम राजाराव सहित सरपंच संघ संगठन के सभी पदाधिकारी वनांचल क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के सरपंच मौजूद थे ।

## अपूर्ण आवास और लंबित निर्माण कार्यों को तय समय में पूरा करें: ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिला पंचायत सुकमा के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत से संबंधित सभी विभागों के योजनाओं की प्रगति और पूर्णता पर चर्चा की गई। बैठक में जिले में लंबित निर्माण कार्यों और आवासों के त्वरित निर्माण, हितग्राहियों को समय पर किस्तों की उपलब्धता तथा वर्ष 2024-26 तक शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर विशेष जोर दिया गया। सीईओ ठाकुर ने वर्ष 2016 से 2023 तक स्वीकृत अपूर्ण आवासों को इस माह के भीतर हर स्थिति में पूरा कराने पर बल दिया। विशेष परियोजना और नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत आवासों की स्वीकृति और समयबद्ध निर्माण पर जोर। हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सूची तैयार कर शासन को भेजी जाए। आरएमटी प्रशिक्षण के तहत मॉडल आवास का निर्माण



20 अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश समर्थ संस्थान एवं मीरापथ को दिए गए। मनरेगा के तहत पशु शेड, मुर्गी शेड, सूअर व बकरी शेड जैसे कृषि-आधारित कार्यों को प्राथमिकता से स्वीकृति की जाए। सभी हितग्राहियों का नगद भुगतान सीधे बैंक खातों के माध्यम से सुनिश्चित करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर खाते खोलने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर रविशंकर वर्मा, मनरेगा एवं आवास विभाग की टीम, सभी सीईओ जनपद पंचायत, एसडीओ, पीओ, बीपीएम, उप अभियंता, तकनीकी सहायक सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## लोक सेवा आयोग परीक्षा केंद्र जगदलपुर में संचालित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा



लोक सेवा आयोग द्वारा विधि विभाग की आयोजित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षा केंद्र रायपुर संभाग में संचालित किए जाने से बस्तर संभाग के परीक्षार्थियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बस्तर क्षेत्र से अभ्यर्थियों को परीक्षा देने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे न केवल समय और आर्थिक बोझ बढ़ता है बल्कि कई बार परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र तक समय पर नहीं पहुंच पाते।

इस कारण अनेक छात्र-छात्राएँ परीक्षा देने से वंचित हो जाते हैं।इस समस्या को ध्यान में रखते हुए शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर की छात्र परिषद ने बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में ही परीक्षा केंद्र संचालित करने की मांग उठाई है। इसी सिलसिले में छात्र परिषद ने बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को एक ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि बस्तर संभाग भौगोलिक दृष्टि से विस्तृत और पिछड़ा क्षेत्र है। यहाँ के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अन्य शहरों की यात्रा करना पड़ता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर तबके के विद्यार्थियों के लिए और भी कठिनाईपूर्ण है।

यदि जगदलपुर में परीक्षा केंद्र स्थापित किया जाता है तो बस्तर अंचल के हजारों छात्रों को इसका सीधा लाभ मिलेगा और वे बेहतर ढंग से प्रतियोगी परीक्षाओं में हिस्सा ले सकेंगे। ज्ञापन प्राप्त करने के उपरांत विधायक लखेश्वर बघेल ने आश्वासन दिया कि वे इस छात्रहित की मांग को विधानसभा में मजबूती से उठाएँगे। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य और उनके अधिकारों से जुड़ी किसी भी मांग को लेकर वे हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के अवसर सबके लिए सुलभ हों, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

### विधायक ने आयोग के अध्यक्ष को लिखा पत्र

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखकर बस्तर संभाग के विद्यार्थियों के हित में जगदलपुर में परीक्षा केंद्र संचालित करने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि लोक सेवा आयोग द्वारा समय-समय पर विधि विभाग के लिए आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षा केंद्र राज्य के सीमित जिला मुख्यालयों में निर्धारित किए जाते हैं। इसके चलते बस्तर संभाग के अभ्यर्थियों को परीक्षा देने हेतु लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ती है, जिससे उन्हें शारीरिक, मानसिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विधायक बघेल ने कहा कि जगदलपुर, बस्तर संभाग का प्रमुख जिला मुख्यालय है और शैक्षणिक दृष्टि से पूर्ण रूप से सक्षम है। यहां पर्याप्त संख्या में शासकीय एवं निजी शिक्षण संस्थान, परीक्षा कक्ष और प्रशासनिक सुविधाएं मौजूद हैं। ऐसे में यहां पर प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन सरलता से किया जा सकता है। उन्होंने आयोग से आग्रह किया कि अभ्यर्थियों की सुविधा और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए विधि विभाग की आगामी सभी प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन जिला मुख्यालय जगदलपुर में भी किया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि इस मांग पर सकारात्मक निर्णय होने से बस्तर संभाग के युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में भागीदारी और अधिक सुगम हो सकेगी।

## जीएसटी रिफॉर्म्स से आर्थिक क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक बदलाव : अटामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

विधायक चैतराम अटामी ने भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के साथ दंतेवाड़ा में व्यापारियों से मुलाकात कर जीएसटी रिफॉर्म्स का लाभ बताया । विधायक ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म्स से आर्थिक क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं जिनका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है। जीएसटी दरों में कटौती से 140 करोड़ देशवासियों के जीवन में खुशी आई है।

विधायक ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म्स का निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिया गया ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार ऐसे निर्णय हुए हैं जिनके बारे में यह कहा जाता था कि ये कभी नहीं हो सकते। चाहे वह धारा 370 हटाना हो या ट्रिपल



तलाक बिल लाने का निर्णय। इसी कड़ी में जीएसटी रिफॉर्म्स लोगों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि मैं स्वयं लोगों के बीच जाकर जीएसटी दरों में कटौती से मिले लाभ की जानकारी ले रहा हूँ। पिछले दिनों जब बचेली में मैं दैनिक जरूरत का सामान खरीद रहे लोगों से मिलने एक मार्ट में गया तो वहां मुझे गृहणियों ने बताया कि इन सुधारों से हमारे किचन के बजट में कमी आई है। जब मुझे गृहणियां प्रत्येक वस्तु के कम हुए दाम बता रही थीं तो उनके चेहरे पर मुस्कान थी। इन सुधारों से किसानों को बड़ी राहत मिली है। मैं गीदम में ट्रेक्टर शोरूम भी गया जहां मुझे पता चला कि ट्रैक्टर के दाम में 65 हजार से 1 लाख रुपये की कमी आयी है। विधायक ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में प्रदेश के व्यापारियों का बड़ा योगदान होगा। छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति को निवेशकों द्वारा बहुत पसन्द किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जापान और कोरिया की यात्रा की और इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुए। एशिया महाद्वीप के कई निवेशकों ने छत्तीसगढ़ में निवेश में रुचि दिखाई है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश से बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होगा। अटामी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो जीएसटी सुधार किए हैं वे न भूतो न भविष्यति हैं। यह कदम आम आदमी को ताकतवर बना रहा है। जहां एक ओर दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं की कीमत कम होने से लोगों को लाभ मिल रहा है तो वहीं देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो रही है। जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर जनता की ओर से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया आ रही है। इस दौरान समस्त भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रांतीय खो खो में ममता का कमाल, बस्तर संभाग प्रथम

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत दमकसा के



आश्रित ग्राम गुडफेल की छात्रा ममता उसेंडी ने राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कांकेर के कीड़ा परिसर में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत ममता उसेंडी ने 22 से 24 सितम्बर तक जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में बस्तर संभाग टीम का प्रतिनिधित्व किया। बस्तर संभाग की टीम ने सभी प्रतिद्वंद्वी टीमों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। ममता टीम की मुख्य खिलाड़ी रहीं और उनके शानदार प्रदर्शन ने टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खास बात यह है कि ममता लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर नेशनल पर खेलने जा रही हैं। सुदूर वनांचल क्षेत्र से आने के बावजूद उनकी लगन और मेहनत ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है।

### अपर कलेक्टर को उप जिला निर्वाचन अधिकारी का दायित्व

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे को उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन का दायित्व सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 कार्य सम्पन्न कराया जाना संभावित है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर द्वारा अपर कलेक्टर को उप जिला निर्वाचन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

### शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए पंजीयन एक तक

**कांकेर।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा कांकेर में शारीरिक दक्षता की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले के आवेदक जिन्हांने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण किया है, वे 01 अक्टूबर तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं, ताकि निःशुल्क प्रशिक्षण का आयोजन जल्द से जल्द प्रारंभ किया जा सके।

## परिचर्चा : व्यापार में पारदर्शिता और उपभोक्ताओं को राहत मिली

# भाजपा की कार्यशाला में आत्मनिर्भर भारत व वस्तु एवं सेवा कर सुधार पर हुआ विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित विशेष कार्यशाला आत्मनिर्भर भारत और वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी सुधार के विषय पर आयोजित हुई। इस कार्यशाला में जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत की उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने आत्मनिर्भर भारत के विचार को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक आर्थिक अभियान नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र के समग्र विकास का मंत्र है।

■ विदेशी उत्पादों के बजाय देसी को दें प्राथमिकता


कार्यशाला की मुख्य वक्ता ने कहा कि जब हर गाँव अपनी आवश्यकताओं के लिए स्थानीय उत्पादन पर भरोसा करेगा, जब महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से घर-घर उत्पादन कर बाज़ार में प्रतिस्पर्धा करेंगी और जब युवा नवाचार तथा नए उद्योग के माध्यम से स्थानीय से वैश्विक स्तर तक पहुँचेंगे, तभी भारत सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वदेशी अपनाओ का आव्हान हमें यह सिखाता है कि हमें विदेशी उत्पादों के बजाय अपने ही देश में बने सामान को प्राथमिकता देनी चाहिए। तारा ठाकुर ने यह भी कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान से गाँव-गाँव तक रोजगार और उद्योग की नई संभावनाएँ खुलेंगी, जिससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था मज़बूत होगी, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव भी और गहरी होगी। वस्तु एवं सेवा कर सुधार के विषय पर ठाकुर रत्नेश सिंह ने कहा कि हाल ही में संपन्न छप्पनवीं परिषद बैठक में अगली पीढ़ी वस्तु एवं सेवा कर सुधार जीएसटी 2.0 को गति दी गई है, जिसमें कर प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सरल और नागरिक हितैषी बनाने पर बल दिया गया है। अब कर दरों को सीमित कर पाँच प्रतिशत और अठारह प्रतिशत दो प्रमुख श्रेणियों में रखा गया है, जबकि विलासिता की वस्तुओं और सेवाओं पर उपकर अट्ठाईस प्रतिशत तक रखा गया है। स्वास्थ्य उपकरणों, जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, शिक्षा सेवाओं जैसी अनेक सेवाओं पर कर दरें घटाई गई हैं। मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर सुधार और आत्मनिर्भर भारत एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने तैंतीस से अधिक चिकित्सा उपकरणों पर कर में कमी की है, जीवन रक्षक दवाओं पर बारह प्रतिशत से घटाकर शून्य प्रतिशत और इंसुलिन पर पाँच प्रतिशत से घटाकर शून्य प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह कृषि क्षेत्र की वस्तुएँ जैसे ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, कंबाइन मशीन पर कर बारह प्रतिशत से घटाकर पाँच प्रतिशत किया गया है। वस्तु एवं सेवा कर का ढाँचा अब और अधिक स्पष्ट हुआ है। राज्य वस्तु एवं सेवा कर एसजीएसटी, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर सीजीएसटी और एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर आईजीएसटी की व्यवस्था से राज्यों और केंद्र को समान राजस्व लाभ मिल रहा है। इससे व्यापारियों को पारदर्शिता और उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है।

कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास ने किया और विषयों को क्रमबद्ध ढंग से प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर मंडल महामंत्री गिरधारी नार्टी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ कार्यकर्ताओं को न केवल वैचारिक रूप से समृद्ध करती हैं बल्कि संगठन के एजेंडे को आम जनता तक पहुँचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यशाला में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, आत्मनिर्भर भारत जिला सह संयोजक अरविंद जैन, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजा पाण्डेय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा रजिंदर रंधावा, मंडल उपाध्यक्ष सरिता जोशी एवं चैतूराम आचला, मंडल कोषाध्यक्ष जीवराखन सलाम, भानुप्रतापपुर मंडल संतोष बाजपेयी, ललित गांधी, नरेश जैन, मंडल महामंत्री महिला मोर्चा संगीता टांडिया, उर्मिला जसूजा, शिला ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना, लक्ष्मण कुलदीप, हरेश उईके आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बासनवाही में विराजी मां दुर्गा...




मनोकामना ज्योति कलश स्थापना भगवती निवास छापरपारा



नवदुर्गोत्सव समिति मांडाभर्री



नवपल्लव दुर्गोत्सव मुसुरपुट्टा



नवदुर्गोत्सव समिति छापरपारा



### व्यापारियों से मुलाकात कर जीएसटी पर की चर्चा

**भानुप्रतापपुर।** आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी रिफार्म्स अभियान के अंतर्गत भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने 27 सितंबर को नगर में जनसंपर्क अभियान चलाया। नेताओं ने बताया कि इस जनसंपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यापारी वर्ग को केंद्र सरकार की योजनाओं से जोड़ना और उन्हें अधिक आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना है। इस दौरान उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से संवाद स्थापित कर केंद्र सरकार की योजनाओं एवं सुधारों की जानकारी साझा की। अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, जनपद सदस्य मेड़ी वरुण खापर्डे एवं विष्णु कचलाम, जुगल किशोर शर्मा, अभिनव श्रीवास्तव सहित कार्यकर्ता शामिल रहे।

## माइंस प्रभावित क्षेत्र के विकास व रोजगार पर सांसद को सौंपा



**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पंचायत भीरावाही के ग्रामीणों ने सांसद भोजराज नाग को युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार के लिए ज्ञापन सौंपा है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत हाटकॉदल के ग्रामीणों ने भी बीएसपी द्वारा संचालित कलवर माइंस से प्रभावित क्षेत्र के विकास एवं रोजगार को लेकर सांसद भोजराज नाग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि यह माइंस पिछले दो वर्षों से संचालित है, लेकिन अब तक प्रभावित गांवों में कोई विकास कार्य नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बीएसपी की देव माइंस ग्राम कलवर, दूरी 5 किमी, गोदावरी माइंस ग्राम कच्चे दूरी 1 किमी और सीएमडीसी माइंस ग्राम भैंसाकन्हार दूरी 1 किमी संचालित हैं। इन खनन कार्यों से लालपानी और कृषि भूमि पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, वहीं पर्यावरणीय नुकसान भी बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि हमारे गांव के कई युवा बेरोजगार हैं, लेकिन माइंस कंपनियां स्थानीय युवाओं की जगह बाहरी लोगों को काम पर रख रही हैं। मजबूरी में युवा रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाए और इस विषय पर सहानुभूतिपूर्वक कार्यवाही की जाए। ग्रामीणों ने तीन प्रमुख बिंदु रखे, जिसमें देव माइंस से निकलने वाला लाल पानी व मालवा नदी के जरिए हाटकॉदल तक पहुंचता है, जिससे किसानों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ सकता है। माइंस से होने वाली रॉयल्टी की आय जिला प्रशासन को प्राप्त होती है, जिसे प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, बिजली और निर्माण कार्यों पर खर्च किया जाना चाहिए। दो वर्षों से संचालन के बावजूद अब तक स्थानीय स्तर पर कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने मांग की कि प्रभावित ग्राम पंचायत हाटकॉदल को प्राथमिकता में लेकर रोजगार और विकास कार्य सुनिश्चित किए जाएं।

## सेवा पखवाड़े में मर्रामपानी में पौधे रोपे व स्वच्छता अभियान चलाया



**दुर्गुकोंदल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल द्वारा शक्ति केंद्र मर्रामपानी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आंगनबाड़ी परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण से हुआ। इसके बाद स्वच्छता अभियान चलाकर पूरे परिसर की सफाई की गई और ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान सह संयोजक मनोज दुग्गा और मीडिया प्रभारी संजय उयके के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं है, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। अभियान के दौरान लोगों को प्रेरित किया गया कि वे अपने घरों, आंगनों और मोहल्लों को साफ-सुथरा रखें और हर परिवार एक पौधा अवश्य लगाए ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता और हरियाली से गांव सुंदर और स्वस्थ बनते हैं। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक जैन, दीपक पूड़ो, सोमनाथ कुमेटी, अमर सिंह कल्लो, अंकालसिंह उयके सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जननी हुर्रा, रेखा जैन, सहायिका दसमोतिन उयके, सुकेश्वरी उयके, शमो बाई कल्लो, धनेश्वरी उयके, प्रति कल्लो, वंदना कल्लो और रामबती कल्लो ने भी सक्रिय सहभागिता की। ग्रामीणों ने इस अभियान का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास गांवों में जागरूकता लाने और स्वच्छता की आदत विकसित करने में मददगार साबित होते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वे अपने घर और गांव को स्वच्छ रखने में सहयोग करेंगे और अधिक से अधिक पौधे लगाएं।

## आत्मनिर्भर भारत व जीएसटी रिफार्म्स पर की गई कार्यशाला



**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल कांकेर में आत्मनिर्भर भारत व जीएसटी रिफार्म को लेकर कार्याशाला आयोजित कि गई, जिसमें आत्मनिर्भर भारत विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी का आव्हान किया है। विश्वकर्मा योजना के तहत 17 प्रकार के कार्यों के लिए बिना किसी गारंटी के लोन दिया जाता है एवं योजनाओं के तहत कार्य करने के लिए औजार दिए जाते हैं। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर जैन ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत पर आने वाले समय पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे एवं बुथ स्तर तक सम्मेलन किए जाएंगे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक समृद्ध भारत बनाने के लिए जो सपना देखा है उसे पूर्ण करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जीएसटी रिफार्म में प्रकाश डालते हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती ने जीएसटी स्लाट कि जानकारी दी। जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के दिए कार्यों को बुथ स्तर तक पहुचाना हम सबका दायित्व है। कार्यशाला का मंच संचालन भाजपा शहर मंडल महामंत्री गिरधर यादव ने किया समापन व आभार महामंत्री जयंत अटभैया ने किया। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, बृजमोहन तिवारी, रमशीला साहू, योगेश साहू, सपन श्रीवास्तव, प्रदीप चन्द्रोल, तनूज ठाकुर, मीरा सलाम, मंजु सारथी, चित्ररेखा जैन, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष घनेन्द्र सिंह ठाकुर, महामंत्री पीयुष वलेचा, सलिम मेमन, आरती यादव, सुनील व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अल्टीमेटम बेअसर, आज जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



जिला पंचायत सीईओ के आदेश के बावजूद इंजीनियर विनय कुमार देवांगन ने अब तक जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में ज्वाइन नहीं किया है, जिससे विकासखंड के सरपंचों में नाराजगी बढ़ गई है। नाराज सरपंचों ने घोषणा की है कि आज 30 सितम्बर को जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। सरपंच संघ के सचिव मुकेश गावड़े, सरपंच कुबेर दर्रो, मुकेश नरेटी, तुलसी मातलाम, नंदकुमार खरे, शिवलाल ध्रुव, सोमनाथ नेताम, हरिषा मंडावी, रमशीला कोमरा, रमुला नरेटी ने बताया कि जनपद पंचायत में इंजीनियर के 3 पद स्वीकृत हैं, परंतु वर्तमान में केवल 1 इंजीनियर पदस्थ है। एक ही इंजीनियर के भरोसे 44 पंचायतों का कामकाज संचालित नहीं हो पा रहा है, जिससे निर्माण कार्यों के मूल्यांकन और स्वीकृति में देरी हो रही है। सरपंच संघ का कहना है कि भानुप्रतापपुर से इंजीनियर को दुर्गुकोंदल में पदस्थ करने का आदेश पहले ही जारी हो चुका है, लेकिन आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सरपंच संघ ने सीईओ जनपद पंचायत एवं तहसीलदार को लिखित सूचना देकर तालाबंदी की जानकारी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि जल्द ही इंजीनियर को ज्वाइन नहीं कराया गया, तो आंदोलन और उग्र किया जायागा। ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इंजीनियरों की कमी के कारण सड़क, पुल-पुलिया, हैंडपंप मरम्मत जैसे कई विकास कार्य रुके पड़े हैं।

वक्ष (स्तन) को सुडौल बनाए
नई तकनीक वेज़र द्वारा
स्कीन टाइटिंग व रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

